हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार, 10 अगस्त 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]

### भद्रा का साया नहीं होने से दिनभर चला राखी बंधने का सिलसिला, मिठाई दुकानों में भी दिखी जमकर ग्राहकी

# रक्षाबंधन का दिखा उत्साह: बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी स्नेह की डोरी, बस-ट्रेन में दिखी जमकर भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सावन माह की पूर्णिमा तिथि शनिवार को भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भद्रा का साया ना होने के कारण सुबह से लेकर देर रात तक बहने भाईयों के कलाईयों में स्नेह की रक्षा सूत्र बांध कर मंगलकामनाए की।

रक्षाबंधन पर्व पर खुशियां बिखरी रही, घर घर में पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विशेष कर बच्चों में पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया। नए परिधान पहन कर दिन भर पर्व की खुशियां बांटने लोग जुटे रहे। इस मौके पर बहनों ने भाईयों के माथे तिलक लगा कर आरती उतार कर मुंह मीठा कराया और उज्वल भविष्य की कामना की। भाईयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लेकर उपहार दिया। दिन भर शहर से लेकर ग्रामीण इलाको तक चहल पहल रही। दुर दराज रहने वाले भाई बहनों का पर्व मनाने के लिए दिन भर आवागमन रहा।

**बाजार में पर्व पर भी चहल पहल**

इधर मंदिरों में भी आज विशेष पूजा अर्चना कर भगवान को भी राखियां बांधी गई एवं मंगल कामना की गई। आज भी शाम से पूर्व बाजार में दिन भर चहल पहल का आलम रहा। मिठाई की दुकानों में जमकर खरीदी हुई कल सुबह से ही मिठाई दुकानों में भीड़ का आलम रहा जो आज भी यही स्थिति रही। कई लोगो ने जो राखियां नहीं खरीद पाए थे उन्होंने बाजार में राखियां सहित अन्य सामग्रियों की भी खरीदी की शाम के बाद बाजार में भीड सामान्य हुआ।

**रक्षाबंधन पर्व के साथ सावन महीने का समापन, आज से भादो**









### दिन भर चहल पहल, यात्री वाहनों में भीड़

यात्री वाहनों में विगत सप्ताह भर से भीड़ की स्थिति बनी हुई है, आज भी बड़ी संख्या में लोगों ने पर्व मनाने के लिए आवागमन किया। घर घर में पर्व को लेकर मिठाई से लेकर विविध व्यंजन तैयार किए गए थे। इस अवसर पर सपरिवार लोग पर्व का आनंद उठाने जुटे रहे। रक्षा बंधन पर्व के साथ ही सावन माह का समापन हो गया। कल रविवार से भादो माह की प्रारंभ हो जायेगा। इस माह भी लगातार त्योहारों के चलते लोगों में व्यस्तता रहेगी।

## जेल में बहनों ने बांधी भाइयों को राखी, बाहर आकर निकले आंसू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**चार सौ कैदियों के हिसाब से व्यवस्था, मेटल डिक्टेटर से सुरक्षा के बाद एंट्री**

जिला जेल में रक्षाबंधन के पर्व को लेकर बहनों में काफी उत्साह नजर आया। सुबह से ही बहनों की भीड़ जेल के बाहर लगी रही । जेल प्रशासन द्वारा रक्षाबंधन पर्व के दौरान जेल में बंद भाईयों को राखी बांधने बहनों की सहूलियत के लिए इंतजाम किए गए थे। बहनों को यहां सिर्फ मिठाई में सोनपापड़ी और राखी लेकर ही आना था, बाकी व्यवस्था जेल प्रशासन द्वारा जेल के भीतर दी गई।

रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहनों के लिए प्रेम और स्नेह से भरा होता है। जेल के भीतर बंद अपने भाइयों को राखी बांधने पहुंची बहनें भाइयों को देखकर फफक पड़ी और राखी बांधते हुए उनके आंसू छलक गए। भाइयों को रक्षा सूत्र बांधते हुए बहनों ने अपने भाइयों की सलामती की प्रार्थना की और मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन के पर्व का उत्साह मनाया। जिला जेल में रक्षाबंधन का पर्व मनाने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। यहां पुलिस विभाग के सहयोग से डोर मेटल डिटेक्टर लगाया गया था । कड़ी सुरक्षा के साथ ही अपने भाइयों को राखी बांधने बहनों को दिक्कत ना हो इसको लेकर भी काफी बेहतर व्यवस्था बनाई गई। अपने भाइयों को राखी बांधने पहुंची बहनों ने कहा कि उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा। गेट पर नाम एंट्री कराया गया और इसके बाद भीतर प्रवेश देकर उन्होंने अपने भाइयों से मुलाकात की और उन्हें रक्षा सूत्र बांधा।



### जेल प्रशासन ने सजाई आरती की थाल

जेल के भी रक्षाबंधन पर्व के लिए जेल प्रशासन द्वारा पंडाल लगाया गया था। यहां सामूहिक रूप से बंदी भाइयों को राखी बांधने की व्यवस्था बनाई गई थी। इस दौरान आरती की थाली, दीये, तिलक के लिए अक्षत कुमकुम -गुलाल की व्यवस्था जेल प्रशासन द्वारा की गई थी। इधर जेल के भीतर बहनों के पहुंचने पर बंदी भाइयों में भी उत्साह देखा गया। बहनों को देखकर भाइयों के आंसू छलके। जिला जेल में सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक रक्षाबंधन का पर्व मनाने के लिए व्यवस्था बनाई गई थी । इस दौरान सैकड़ों बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधी ।

### कैदियों के लिए की थी व्यवस्था

जेल अधीक्षक उत्तम कुमार पटेल ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए दो जगह चेकिंग प्वाइंट बनाया गया। वही राखी बांधने बहनों के लिए आरती की थाली की व्यवस्था की गई थी । उन्होंने बताया कि जेल में लगभग 410 बंदी है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए व्यवस्था बनाई गई थी।

## स्कूल में छात्राओं को दिखाई अश्लील तस्वीरें, प्रधान पाठक निलंबित, एफआईआर के निर्देश

**खास बातें**

- शिक्षा विभाग कराएगा एचएम के खिलाफ एफआईआर
- जिले के मोहबा प्राईमरी स्कूल का मामला



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के महोबा स्थित सरकारी स्कूल के प्रधान पाठक द्वारा अपनी स्कूल की छात्राओं को अश्लील तस्वीरें दिखाना, बेड टच करने जैसी शिकायतें सामने आई है। शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने एक्शन लेते हुए संबंधित एचएम को निलंबित कर दिया है। वहीं मामले में पाक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराने की भी तैयारी कर ली गई है।

मिली जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला मोहबा के प्रधान पाठक नेतराम वर्मा के द्वारा स्कूल की कुछ बच्चियों को अपने कार्यालय में बुलाकर मोबाइल में अश्लील फोटो दिखाई गई। इसके साथ ही बच्चों को बेड टच करना एवं अश्लील क्रियाकलाप किया गया। जिसे बाल संरक्षण अधिनियम एवं पाक्सो नियम के विपरीत है, तथा पदीय कर्तव्यों के प्रति जघन्य अपराध, अनुशासनहीनता, स्वेछाचारिता एवं शिक्षकीय गरिमा को धूमिल करने वाला सेवा आचरण नियम 1965 के नियम के विपरीत है। जिसके चलते छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1956 के नियम 9 के तहत नेतराम नेताम को निलंबित कर दिया गया है।

इस मामले में चिखली पुलिस को शिकायत भी की गई है। जिसमें पाक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी कर ली गई है।

## गरज-चमक के साथ गिरेगी बिजली!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून ब्रेक के हालत से जल्द राहत मिलने वाली है। पिछले दो दिनों से जारी हल्की बारिश के बीच अब कल से बेहतर बारिश के आसार दिखाई दे रहे है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान गरज चमक के साथ बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। ज्ञात हो बारिश की कमी के चलते कई इलाकों में किसानों को समास्या का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन अब बारिश का दौर दोबारा शुरु होने से किसानों की यह समास्या भी सुलझ जाएगी।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरो सर्जन
डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
- ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
- हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क में पानी भरना) ● गर्दन या कमर दर्द
- डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
- ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
- ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसों में गुब्बारा बन जाना)
- ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
- विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

### ट्रेन से कटा युवक

**राजनांदगांव।** मोतीपुर रेलवे फाटक कुआं के पास एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**मांय एंगल**




गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

SANJAY RUNGTA
GROUP OF INSTITUTIONS
MAINTAINING THE LEGACY FOR DECADES
EXCELLENCE KI GUARANTEE
Only Engineering College in Chhattisgarh offering
BBA-BCA
Affiliated with Technical University (CSVTU)
Approved by AICTE
Highlights of the program
AC CLASS ROOMS
• Advanced Curriculum
• Guidance from Industry Mentors
• Paid Internship
• Club Activities
• Activity Based Learning
• Skill Enhancement Program
• Add on Certification (Recognized in the Global Market)
Collaborative Tie-Ups
TATA | BYJU'S | amazon | BAJAJ FINSERV | Tally | CISCO | HARIOM TMT | Jayaswal Neco Industries Limited
50+ MOUs with Reputed Organizations
1 Lac+ Books in the Library, Digital Library Access
120+ Labs in various Disciplines
25 Yrs+ Legacy in Education
25K Alumni in All Parts of the world
RANKING & ACCREDITATIONS
#1 RANK In University Result | 25,000+ Alumni | 12 LAKH Highest CTC | TOP Placement in All Streams
QR CODE
SCAN QR CODE TO KNOW MORE ABOUT SRGI
REACH US AT
Call- 9229-111-555, 9229-111-666
Rungta Knowledge City,
Kohka, Kurud Road, Bhilai (Chhattisgarh)
/rungtacolleges.com /rungtacolleges

## सार समाचार

### ब्रम्हकुमारियों ने जवानों को बांधा राखी



**डोंगरगढ़।** आईटीबीपी ने डोंगरगढ़ एवं कन्हारगांव में रक्षा बंधन समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कमाडेंट तेजभान सिंह एवं उप कमाडेंट परिक्षित शाह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने जवानों को रक्षा सूत्र बाँधा तथा उनके सुख-समृद्धि, सुरक्षा और राष्ट्रसेवा के लिए आध्यात्मिक शक्ति व नैतिक मूल्यों का आशीर्वाद दिया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने कहा कि यह पर्व केवल भाई-बहन के पारंपरिक रिश्ते तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश और समाज के प्रति सुरक्षा, प्रेम, सम्मान और एकता की भावना को मजबूत करता है। अंत में ब्रह्माकुमारी बहनों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रसाद वितरण किया।

### राखी बनाओ स्पर्धा में चंचल, मनीष प्रथम



**खडगांव।** श्री विजडम स्कूल ने रक्षाबंधन के मौके पर राखी बनाओं प्रतियोगिता आयोजित किया गया। स्पर्धा में कक्षा 3 के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं में प्रथम स्थान चंचल टेकाम, द्वितीय स्थान हिमांशी कोडोपी ने प्राप्त किया। छात्रों में प्रथम मनीष रावटे और द्वितीय स्थान पर तुषार पटवा रहे। विजेताओं को वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत किया जाएगा।

### ग्रामीणों ने किया नदी की सफाई



**मुसरा।** भानपुरी नदी के एनीकट में जल बहाव रोकने के लिए ग्रामीणों ने मरम्मत एवं सभी गेट बंद किया। नदी की गंदगी, कूड़ा कचरा साफ किया। ग्राम के रोशन वर्मा ने बताया कि बारिश थमने के बाद भानपुरी नदी में पानी का बहाव बंद हो गया था। जल स्तर बनाए रखने के लिए जन सहयोग से कार्य किया गया। इस दौरान रोशन वर्मा, कुलेश, हेमचंद, यमलेश, दिनेश, रामदयाल, बजरंग गिर, सितू, दिनेश, केशो, बईगा, विदेशी, निलेश आदि मौजूद थे।

### जवानों के साथ मनाया रक्षाबंधन



**साल्हेवारा।** वन बंधु परिषद एकल अभियान के तहत आचार्य और दीदियों ने जवानों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। उन्होंने थाना साल्हेवारा में सभी जवानों को रक्षासूत्र बांधकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में ललित सोनी, दशरथ पटेल, रोशन जँघेल, दिनेश धर्मगढ़े, प्राथमिक शिक्षक प्रमुख राजू मिर्चे आदि शामिल हुए।

### विश्व आदिवासी में शामिल हुए विजय वर्मा



**सड़क अतरिया।** वनांचल एवं मैदानी क्षेत्र के विभिन्न गांव में शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों ने भाई चारे का संदेश दिया। जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ग्राम झुरानदी, बेलगांव, सिंगापुर में आयोजित भव्य आदिवासी दिवस में शामिल होकर समाज को बधाई दिया। उन्होंने कहा एक ही दिन दो पर्व मनाने से कार्यक्रम की भव्यता दो गुना हो गया है। उन्होंने समाज के युवाओं के सभी क्षेत्र में बढ़ते कदम को बधाई दिया। उनके साथ जनपद सदस्य प्रेमलाल साहू, होमेश्वरी दिनेश वैष्णव, सरपंच देवकी विनोद रजक, समयलाल, शेर सिंग मेरावी, मनी रामजी, कमलेश और समाज के पदाधिकारी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में सामिल हुए।

### जिपं अध्यक्ष ने जवानों को बांधा राखी



**छुरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने रक्षाबंधन के मौके पर छुरिया और चिचोला पुलिस जवानों को राखी बांधकर मिठाई खिलाया। उन्होंने उनके स्वस्थ, सुरक्षित और दीर्घायु जीवन की कामना की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने इस मौके पर कहा कि पुलिस जवान हर मौसम, हर परिस्थिति में सेवा करने डटे रहते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बिरम मंडावी, जनपद पंचायत सदस्य हेमिन साहु, उत्तरा निषाद, शकुन गंधर्व, मालती उईके आदि उपस्थित थे।

### निधन



#### केवल अंबादे

**डोंगरगढ़।** भीम नगर वार्ड 9 निवासी केवल अम्बादे का देहांत हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 9 अगस्त को छीरपानी मुक्तिधाम में किया गया। वह मुकेश अंबादे, राकेश अम्बादे के पिता एवं वार्ड 9 के पार्षद किशोर अम्बादे के बड़े पिता थे।

---

### बैठक में विभिन्न 29 मुद्दों पर होनी थी चर्चा

# सामान्य सभा का भाजपा ने किया बहिष्कार, सभा स्थगित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया**

नगर पंचायत गंडई में सामान्य सभा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। बैठक के पहले भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पार्षदो ने बैठने से इंकार कर दिया। उनकी मांग थी कि नगर में रखे ठेलों को हटाया जाए और विपक्ष के पार्षद केवल एक मुद्दे तिरँगा चौक में झंडा फहराने की सहमति के साथ बैठक में शामिल होने से मना करते हुए चले गए, जिसके चलते बैठक स्थगित कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार बैठक में 29 एजेंडा रखे गए थे जिसमे रानी लच्छनबाई कुंवर प्राथमिक शाला के जर्जर भवन को डिस्मेंटल करने, पेंशनर भवन एवं राजमिस्त्री संघ की मांग, मुख्यमंत्री नवीन पेंशन योजना के तहत प्राप्त आवेदन की स्वीकृति, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना की स्वीकृति, जाति एवं मूलनिवास की उद्घोषणा, चौपाटी निर्माण, गंडई पंडरिया मार्ग के डिवाईडर को हटाने, वार्ड 8 रावण भाटा में के सामुदायिक भवन में उचित मूल्य दुकान संचालन, दुकानों के नामांतरण सहित अन्य मुद्दे शामिल थे।




#### तो कैसे होगा विकास

नगर विकास के लिए सभी जिम्मेदारो का एक राय होना आवश्यक है किन्तु दोनो दलों के बीच सामंजस्य नहीं बनना एवं बैठक का स्थगित होना नगर विकास को बाधित कर सकता है।

#### धमकी के साथ बहिष्कार

नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने बताया कि उपाध्यक्ष श्यामपाल ताम्रकार ने बहिष्कार करने के पहले सीएमओ को धमकी दिया कि ठेले संबंधी बातों को नहीं माना गया तो निकाय का घेराव करेंगे। वह ऐसा बोलते हुए परिषद की बैठक से चले गए। बैठक में 29 बिंदुओं को रखा गया था जिसमें से 15 अगस्त मनाने के संबंध में दोनो पक्षों में सहमति बनी।

---

## शिक्षकों ने किया रक्तदान



**खडगांव।** बाल योगेश्वर संत रामबालक दास महात्यागी के जन्मोत्सव पर गौशाला भवन जामड़ी पाटेश्वर आश्रम में प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर रामबालक दास महात्यागी और साध्वी सरस्वती दीदी ने संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करने से सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा कम होता है। खून में आयरन की मात्रा ज्यादा होने से दौरे का खतरा बढ़ सकता है। नियमित रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों में खून की मात्रा कम होने पर खून की आपूर्ति करने सभी को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

#### इन्होंने किया रक्तदान

रक्त दान करने वालों में शंकर साहू, जितेंद्र कुमार, रामकुमार, मनीराम चंद्राकर, उमेश कुमार ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार, भूपेंद्र ठाकुर, भूषणलाल कोटपरिया, जितेंद्र कुमार कोटपरिया, सुनील कुमार शर्मा, सूरजभान धुर्वे, देवानंद टंडन, हीरेन्द्र, सालिकराम सर्पा, शिव मोहन ठाकुर, शिव प्रसाद कोरेटी, गिरधर लाल सोनवानी, रोशन लाल साहू, पोषण लाल साहू, सुरेंद्र कुमार साहू, योगेंद्र कुमार देवांगन, लीलाधर कोलियारे, धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, अनिल कुमार दिल्लीवार, खेमंत कुमार साहू, संदीप कुमार वैष्णव आदि शामिल थे। बालक दास एवं साध्वी सरस्वती ने रक्तदाताओं, सैनिक तथा श्री पाटेश्वर संस्कार वाहिनी के कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

---

## नशे के धंधे पर अंकुश नहीं, गिरफ्त में युवा



**हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा**

ग्रामीण अंचल में नशे का व्यापार थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस व्यापार में युवा फंसते जा रहे है। डोंगरगढ़ शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी संख्या में शराब तस्कर सक्रिय है जो शराब की बिक्री कर रहे हैं। अधिकारियों को गोरखधंधे की जानकारी होने के बाद भी राजनीतिक दबाव के कारण कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बोरतलाव, पनियाजोंब, ठाकुरटोला, गाजमर्रा, कल्याणपुर, पीपरखारकला, बागरेकसा, नारायणपुर, रामपुर, कारूटोला, सीतागोटा सहित अन्य गांवों में अवैध रूप से शराब बिक रही हैं। गांवों में पडोसी राज्यों की शराब पहुंच रही है साथ ही कुछ लोग नकली शराब का धंधा चला रहे हैं जिससे सरकार को नुकसान हो रहा है। नकली शराब के सेवन करने से गंभीर बीमारी होने की आशंका बलबती हो रही है। समय रहते अंकुश नहीं लगाया गया तो ग्रामीणों गंभीर संकट में फंस सकते हैं।

#### सवालों के घेरे में पुलिस

नशा, जुआ सट्टा के कारोबार पर अंकुश लगाने में पुलिस नकाम साबित हो रही है जिसका जीता जागता उदाहरण यह है कि ग्रामीण क्षेत्रो में शराब की तस्करी तथा जुआ सट्टा का खेल बेरोकटोक चल रहा है। अवैध कारोबारियों और बदमाशों में पुलिस का डर नहीं होने के कारण शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में चाकूबाजी सहित अन्य घटनाएं हो रही हैं।

---

## आदिवासी दिवस पर खड़गांव में निकाली रैली

### परंपरागत वेशभूषा और आदिवासी नृत्य ने किया आकर्षित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव**

ग्राम में विश्व आदिवासी दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर आदिवसीजनों ने बिरसा मुंडा के जयकारा के साथ रैली निकाला।

आयोजन में खड़गांव, मुरारगोटा, कोसमी, पेंदूर, गजीटोला, पुसावाडा, बिटेझर सहित अन्य गांव के ग्रामीण शामिल हुए। आकर्षक वेशभूषा में सजे बच्चे और बुजुर्ग रैली की शक्ल में बाजार चौक पहुंचे। यहां वरिष्ठ जनों ने अपने विचार रखे। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आदिवासी नृत्यों की प्रस्तुति दी गईं। कार्यक्रम में सरपंच रमिला धुर्वे, सुखुराम वटी, रामदयाल गावड़े, गजराज धुर्वे, संतु मंडावी, देवलाल मातलाम, रोहिदास धुर्वे, फूलदास मंडावी, लालसाय मंडावी, नितिन मंडावी, निखिल मंडावी, प्रियांशु मंडावी, फूलसिंह मंडावी सहित अन्य शामिल हुए।



#### आदिवासी गीतों पर प्रस्तुत किया सुंदर नृत्य

इस दौरान बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा धारण कर आदिवासी गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। नवयुवकों सिर पर गमछा बांधकर उसमें मोर पंख लगाकर आकर्षण का केंद्र बने हुए थे।

#### आदिवासी दिवस समारोह आज

**कल्लूबंजारी।** सर्व आदिवासी समाज, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ एवं गोंड़वाना यूथ क्लब राजनांदगाँव के तत्वावधान में कल 10 अगस्त को राजनांदगांव के पद्मश्री गोंविदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा अर्जी से होगा। इस मौके पर जय सेवा मांदर नृत्य दल कटेंगाटोला की प्रस्तुति होगी। आदिवासी सामाजिक सांस्कृतिक जनजागरण रैली निकाली जाएगी। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडे, विधायक इंद्रशाह मंडावी, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, जिला पंचायत के सभापति प्रशांत कोड़ापे, गोपाल भुआर्य, बीरम मंडावी, अनिता मंडावी, रंजिता पडौटी, कुलबीरसिंह छाबड़ा, डॉ.फुलेन्द्र उइके, ओमप्रकाश मंडावी, डॉ बीएल तुलावी, वीणा ध्रुव, सेवक उइके, कुलेश्वर ध्रुव, सुदेश टीकम, सुशीला नेताम होंगे। अध्यक्षता जसवंत घावड़े, लेखराम मात्रा एवं नरेन्द्र मंडावी करेंगे।

---

### अधिकारी बनकर शिक्षकों से ठगी

**गंडई पंडरिया।** गंडई क्षेत्र में इन दिनों ठगी का एक नया मामला सामने आया है। ठग खुद को शिक्षा विभाग का अधिकारी बताकर शिक्षकों से पैसों की मांग कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक वह शिक्षकों को फोन कर डराते हैं कि उन्होंने स्कूल को मिले फंड का गलत इस्तेमाल किया है। शिकायत मिली है जिसकी वह जांच करेंगे। ठग शिक्षकों से कहते हैं कि उनके पास स्कूल और शिक्षक का पूरा डाटा है। फंड के गलत इस्तेमाल के आरोप से बचने के लिए 20 हजार तुरंत ट्रांसफर करें। डरे शिक्षक ठगों के झांसे में आकर पैसे दे रहे हैं।

#### बहकावे में न आए

पुलिस ने शिक्षकों और जनता से अपील किया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति के बहकावे में न आएं। किसी भी फोन कॉल की सूचना तुरंत पुलिस को दें। अभी तक किसी भी शिक्षक ने घटना की शिकायत दर्ज नहीं कराया है, लेकिन कई शिक्षकों ने ऐसे फर्जी कॉल आने की पुष्टि की है।

#### काल आया था

पेडरवानी स्कूल में पदस्थ शिक्षक गाँधीराम साहू ने बताया कि हेडमास्टरों को शिक्षा विभाग का अधिकारी बन कर अज्ञात ठगों द्वारा ठगने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह की घटना मेरे साथ भी हो चुकी है।

---

## कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**सड़क अतरिया।** प्रदेश एवं जिला भारतीय जनता पार्टी के आदेशानुसार मां नर्मदा मण्डल में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक आयोजित की गई थी।

मुख्य वक्ता के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, जिला भाजपा उपाध्यक्ष निजाम सिंह मंडावी सामिल हुए। जिसमें अगामी स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर घर-घर तिरंगा अभियान चलाकर अपने-अपने घर में तिरंगा लगाने पर चर्चा किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं द्वारा मां नर्मदा मंदिर से अवंती चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, मंडल संयोजक संतन साहू, प्रकाश जंघेल, अनुज साहू, डोमार सिंह भेंडिया, दिवाकर सोनी, भीखु हिरवानी, अशोक जंघेल, पवन पटेल, रमेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, बालकिशन, खेलन वर्मा, सुरेन्द्र जंघेल एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।



#### उपाध्यक्ष हुए शामिल

तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह भी सामिल हुए। उन्होंने सभी ग्रामीणों को अपने घर में तिरंगा लगाकर आजादी का जश्न मनाने का आव्हान किया।

---

## उल्लास से मनाया गया रक्षा बंधन पर्व

**सड़क अतरिया।** भाई बहन के प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को उल्लास से मनाया गया। सावन के अमावस्या को मनाये जाने वाले इस पर्व को लेकर बहने उत्साहित रही। नवविवाहित महिलाएं जो विवाह के बाद पहली बार पर्व को मनाने मायका पहुचे थे वे काफी हर्षित लगे। पर्व को लेकर सुबह से बाजार में रौनक बना हुआ था। राखी, मिष्ठान, फल और उपहार के दूकानों में दिन भर भीड़ बनी रही। बहनों ने अपने भाईयों के माथे पर तिलक और कलाई पर रक्षा सुत्र बांध का खुशहाली की कामना करते हुए रक्षा का वचन लिया। भाईयों ने भी बहनों को उपहार भेंट किया। पर्व पर राम जानकी, राधा कृष्ण एवं शिव मंदिर में भी भीड़ बनी रही। इधर पर्व को लेकर मुख्य मार्ग दिन भर काफी व्यस्त रहा।



---

### ब्रम्हा का कोप और गोपलीला से कृष्ण ने दिया संदेश

# यहां सब कुछ कृष्णा ही कृष्णा है : पं.विपिन

**छुईखदान।** संसार के रचनाकार प्रभु ब्रम्हा जी को जब द्वापर युग में अपनी रचना संसार का हालचाल जानने की तीव्र इच्छा हुई तब उन्होंने वृन्दावन में श्रीकृष्ण की लीलाओं का खूब बखान सुना था सो ब्रम्हा जी ब्रज की ओर निकल पड़े।

जब पहुंचे तब देखा कि जिस संसार को मैने बनाया वहां मेरे ही बनाए एक तुच्छ ग्वाले को लोग भगवान मानते हैं इसलिए ब्रम्हा जी ने परीक्षा लेने की सोची और तय किया कि जिन गायों से ब्रज का संपूर्ण जीवन चलता है उसे ही अपने माया से छुपाकर रख दिया जाए तो सभी ऐसे ही मृत्यु को प्राप्त कर लेंगे। ब्रह्मा जी सभी गायो को अपनी माया से अदृष्य कर दिया जिसे अपनी योग चक्षु से प्रभुजी देख रहे थे। इधर ब्रज के लोगों का अपनी गैया के बिना एक पल भी जीवित रहना मुश्किल हो गया था तब ब्रम्हा जी अदृष्य किए गौ गोपालों के जिंदा होने की सुधि लेने आए और पाया कि उनके द्वारा अदृष्य किए गए गौ गोपाल वृन्दावन ब्रज में भी अठखेलियां कर रही है और इन सब लीलाओं को बलराम जी देख रहे थे। प्रभु श्रीकृष्ण ने बताया कि जिन्हें ब्रम्हा जी ने अदृष्य किया था वह मैं हूं और जो घर में दिख रहा है वह भी मै ही हूं क्योकि मैं ही अणु रूप में सबमें व्याप्त हू अर्थात वास्तव में मै सुख और आनंद लीजिए। उक्त उद्गार यहा स्व विष्णु श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव नंदी एवं पूर्वजों की वार्षिक श्राद्ध पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में व्यास पीठ के मुख्य आसंदी से मुख्य प्रवाचक आचार्य पं विपिन तिवारी ने कही।



#### हर रूप का आदर करना चाहिए

उन्होंने ठेठ सनातनी भाषा में समझाया कि हमे हर स्थिति में प्रभु का हाथ, प्रभु के साथ और प्रभु का नाम जप का त्याग नही करना चाहिए। उनके हर स्वरूप का आदर करना चाहिए, जब ब्रम्हा जी को कृष्ण के वास्तविक रूप का ज्ञान हुआ और ब्रम्हा जी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए वृन्दावन धाम को अनंत काल तक स्थापित व बने रहने तथा वृन्दावन में जन्म, जीवन अथवा मृत्यु को प्राप्त करने वाले को गोलोकधाम वासी होकर सदैव श्रीकृष्ण के सान्निध्य का वरदान देकर अपने धाम लौट गए। यही कारण है कि हमे इस जगत में प्राणी मात्र में प्रभु के अंश होने के कारण सबका आदर, सेवा करते रहना चाहिए।

अशोका आई. टी. आई.
ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS • RAJNANDGAON
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) — 10 वीं पास, 1 वर्षीय कोर्स, 10000/- वार्षिक फीस
स्टेनो — 10 वीं पास, 1 वर्षीय कोर्स, 10000/- वार्षिक फीस
इलेक्ट्रीशियन — 10 वीं पास, 2 वर्षीय कोर्स
8319493983, 8602502398, 7000629783
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास, जी. ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | E-mail: ashokaiti2019@gmail.com

## खबर संक्षेप

### जयस्तंभ चौक में तिरंगा फहराने की मांग

**राजनांदगांव**। शहर का जयस्तंभ चौक संस्कारधानी की शान है। यहां 100 फीट उंचा तिरंगा फहराते देख लोगों की देशप्रेम की भावना जागृत होती है। राष्ट्र प्रेम जागता है, लेकिन दुर्भाग्य है कि पिछले कई सालों से जयस्तंभ चौक में तिरंगा झंडा फहराते नहीं दिख रहा। कभी फहरता भी है तो उसका कटा-फटा दृश्य उभर आता है, जो एक तरह से राष्ट्र ध्वज का अपमान है। इसे देखते नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को पत्र लिखकर 15 अगस्त को जयस्तंभ चौक में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सम्मान के साथ फहराने की अपील की है। उन्होंने आयुक्त से कहा है कि जयस्तंभ चौक में हमेशा तिरंगा फहराते रहने एक से अधिक झंडा निगम के पास उपलब्ध होना चाहिए, ताकि झंडा के धूल-धूसरित होने या हवा-तूफान में कट-फट जाने से तत्काल दूसरा घर तिरंगा झंडा लगाया जा सके। श्री पिल्ले ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पहले जयस्तंभ चौक स्थित उक्त झंडा स्थल का मुआयना कर उसके सही होने के संबंध में संतुष्ट हों लें, ताकि स्वतंत्रता दिवस को उक्त चौक में तिरंगा झंडा फहराने के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

### एक दिवसीय सेल फोन रिपेयर्स शिविर आयोजित

**राजनांदगांव**। बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 8 अगस्त को एक दिवसीय सेल फोन रिपेयर्स शिविर संस्थान के निदेशक अमित



मिश्रा के मार्गदर्शन में आरसेटी बाजार ग्राम पंचायत बरगा में आयोजित किया गया। जिसमें सेल फोन रिपेयर्स के प्रशिक्षणार्थियों बैच क्रमांक 374 द्वारा ग्रामीणों के खराब मोबाइल फोन की जांच कर उसे ठीक किया गया। संस्थान के संकाय समन्वयक ऋषभ मिश्रा ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षार्थियों को बाजार प्रबंधन, धन प्रबंधन, बाजार सर्वेक्षण, संचार कौशल का प्रायोगिक अनुभव मिले, ताकि प्रशिक्षण उपरांत सभी अपना स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बने। यदि बैंक से ऋण की आवश्यकता होती है तो संस्थान उनकी मदद जरूर करेगी। राजनांदगांव जिले के अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्र से आए 30 प्रशिक्षणर्थियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो 11 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान इन्हें सेल फोन रिपेयर्स का प्रशिक्षण डीएसटी रोहित टंडिया द्वारा सिखाया जा रहा है। साथ ही बैंकिंग एवं उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण प्रेमचंद साहू एवं ऋषभ मिश्रा द्वारा दिया जा रहा है।

### महापौर ने किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव**। शहर विकास की कड़ी में वार्ड नं. 14 के नेहरू नगर में सुविधा विस्तार के तहत अधोसंरचना मद अंतर्गत 5 लाख रुपए की लागत



से सामुदायिक भवन निर्माण, 8 लाख रुपए की लागत से उद्यान निर्माण एवं लगभग 10 लाख रुपए की लागत से नाला में पुलिया निर्माण करना जाना है। जिसका महापौर मधुसूदन यादव ने पार्षद सतीश मसीह एवं नेहरू नगर वासियों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नेहरूनगर की नीलम सिंह, यशोधरा साहू, महिमा राय, रामअवतार जोशी, जेपी साहू, अनिल त्रिपाठी, प्रभंजय सोनी, मनीष श्रीवास्तव, प्रियांशु वैष्णव व दिनेश ने अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात महापौर द्वारा नेहरू नगर में आयोजित कार्यक्रम में विधिवत भूमिपूजन किया गया। महापौर श्री यादव ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा शहर में मूलभूत सुविधा रोड, नाली के अलावा उद्यान, भवन, मंच, तालाब सौंदर्यीकरण, मुक्तिधाम उन्नयन आदि कार्य के लिए राशि उपलब्ध कराए थे। जिससे वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज नेहरू नगर में विकास कार्य के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है।

### वार्ड 37 में शौचालय जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण

**राजनांदगांव**। वार्ड क्रमांक 37 महावीर वार्ड अंतर्गत ठाकुरदैय्या (डबरीपारा) क्षेत्र में स्थित 8 सीटर शौचालय का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण कर



लिया गया है। यह कार्य क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों में से एक था, जिसे प्राथमिकता देते तय समय में पूर्ण किया गया। वार्ड पार्षद जैनम बैद ने जानकारी देते कहा कि निकाय चुनाव के दौरान किए गए वादों को निभाना हमारी प्राथमिकता और जिम्मेदारी दोनों है। जनता से जो कहा, उसे पूरा करना ही जनप्रतिनिधि की सच्ची जवाबदेही है। यह कार्य विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे एवं महापौर मधुसूदन यादव के मार्गदर्शन व सहयोग से संभव हो सका है। पार्षद बैद ने कहा कि इसके साथ ही वार्ड के अन्य हिस्सों में भी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसमें नाली निर्माण सहित अधोसरंचना के कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुछ विकास कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही उन पर भी काम शुरू किया जाएगा।

### निगम की अतिक्रमण कार्रवाई में दिख रहा भेदभाव

**राजनांदगांव**। नगर निगम प्रशासन द्वारा गत दिनों अतिक्रमण अभियान चलाया गया। जिसमें फ्लाई ओवर के नीचे पोस्ट ऑफिस चौक से गुरूद्वारा चौक तक ठेले वाले एवं मिस्त्री को हटाया गया, किंतु स्टेडियम चौक में फ्लाई ओवर के नीचे अतिक्रमण के तहत कार्रवाई अभी तक नहीं की गई है। स्पष्ट रूप से भेदभाव प्रदर्शित हो रहा है। जनहित मोर्चा के सचिव घनश्यामदास वैष्णव ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि फ्लाई ओवरब्रिज स्वयं अपने आप में शहर के लिए अतिक्रमण है। जिससे सर्विस लाईन सकरी हो चुकी है।

फ्लाई ओवर के नीचे ट्रैफिक व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं है, जिसे अतिक्रमण मानना उचित नहीं है। निगम को चाहिए कि स्टेडियम चौक की तरह पुनः फ्लाई ओवर के नीचे लाइन से व्यवस्थित कर इनसे टैक्स लेना चाहिए, ताकि निगम की आय में वृद्धि हो। मालवाहक गाडी, स्कूटी, मोटर साइकिल खड़ी करने हेतु अन्य कोई स्थान नहीं है। उक्त स्थान को पार्किंग नियमानुसार व्यवस्थित कर ठेके में देकर टैक्स वसूलना चाहिए। 7 अगस्त को मिस्त्रियों की पाना-पेंचिस तथा भगत सिंग चौक में तेल कढ़ाई जब्त की गई। स्पष्ट रूप से रोज कमाने-खाने वालों पर कार्रवाई उचित नहीं है। उक्त बातों को ध्यान रखते निगम प्रशासन गंभीरता से लें, ताकि गरीब परिवारों को तीज-त्यौहार में राहत मिले तथा अपने परिवार का पालन पोषण करने का मौका देना चाहिए, ताकि अपराध में भी अंकुश लगे। नौकरी मिलना तो संभव नहीं है।

### निधन



#### राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल

**राजनांदगांव**। अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति, चिखली फ्लाई ओवर, महारानी स्कूल के पास निवासी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (गंडई वाले) पिता प्रहलाद अग्रवाल उम्र 77 वर्ष का 9 अगस्त शनिवार को स्वर्गवास हो गया। अंतिम यात्रा निज निवास स्थान से कल 10 अगस्त रविवार सुबह 11 बजे लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

### कार्य की रोजाना मानिटरिंग करने के दिए निर्देश

# सफाई और निर्माण कार्य का महापौर यादव ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने सोमवार सुबह वर्धमान नगर में साफ-सफाई देख अटल परिसर निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं शहर में गंदा पानी आने की शिकायत पर मोहारा फिल्टर प्लांट का आकस्मिक निरीक्षण कर 17 एमएलडी प्लांट की सफाई करने तथा एलम, ब्लोरिन की पर्याप्त भंडारण रखने के निर्देश दिए।

महापौर यादव वार्ड भ्रमण में वर्धमान नगर में साफ-सफाई देख निर्माणाधीन अटल परिसर का जायजा लेकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उप अभियंता ने बताया कि प्रतिमा के लिए पेडेस्टल, बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया है, फ्लोर टाईल्स एवं अन्य कार्य प्रगति पर है। महापौर ने ग्रेनाईट व टाईल्स लगाने के कार्य में तेजी लाकर गेट निर्माण व विद्युतीकरण करने के निर्देश देते कहा कि निर्माण में तेजी लाएं। इसके लिए मेन पावर बढ़ाएं, कार्य की प्रतिदिन मानिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना अटल परिसर के तहत पूरे प्रदेश में अटलजी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो और शासन मंशानुरूप अटल परिसर का निर्माण किया जाए।



#### गंदा पानी आने की शिकायत

महापौर श्री यादव आकस्मिक रूप से जल संयंत्रगृह मोहारा पहुंच प्लांट का निरीक्षण कर वर्तमान व्यवस्था के संबंध में निगम के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शहर के कुछ क्षेत्रों में गंदा पानी आने की शिकायत प्राप्त हो रही है, ज्यादातर 17 एमएलडी प्लांट से सप्लाई क्षेत्रों से शिकायत मिल रही है, जिसे ध्यान में रख उक्त प्लांट की सफाई कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए, मशीनों में छोटी-मोटी खराबी आने पर उसका तुरंत मरम्मत किया जाए, बाढ जैसी स्थिति निर्मित होने पर सभी कर्मचारियों को अलर्ट रहने कहा है।

#### एनीकट के गेट कराएं बंद

उन्होंने कहा कि जल संयंत्रगृह में आवश्यक सामग्री फिटकरी, ब्लीचिंग, क्लोरिन गैस का पर्याप्त भंडारण रखे। इसके अलावा आवश्यक उपकरण भी रखना सुनिश्चित करें, इंटकवेल में कचरा फंसने पर उसे तत्काल निकाले। जिससे पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। इसके अलावा एनीकट में जल स्तर कम होने पर एनीकट के गेट बंद कराएं। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता अशोक देवांगन, तिलक राज ध्रुव व युवराज कोमरे आदि उपस्थित थे।

## जन सामान्य को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तर पर तीन दिवसीय विशेष जांच अभियान बने खाबो बने रहिबो के तहत सघन जांच एवं जागरूकता अभियान को सार्थक बनाने चलित प्रयोगशाला द्वारा लगातार खाद्य कारोबारियों एवं आमजन के बीच जाकर जागरूक किया गया।



खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा खाद्य कारोबारियों को विशेषकर स्ट्रीट फुड वेंडर्स, चाट कॉर्नर, चाय-नाश्ता आदि संचालकों अखबारी पेपर का इस्तेमाल नहीं करने, पर्याप्त हाइजीन व साफ-सफाई रखने हेतु समझाईश दी जा रही है।

साथ ही रक्षाबंधन त्यौहार को ध्यान में रख मिठाई दुकान, रेस्टोरेंट आदि में भी औचक दबिश देकर मौके पर ही जांच किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि विगत दो दिनों में राजनांदगांव व आसपास के जिलों से लगभग 200 खाद्य नमूने मौके पर जांचे गए हैं। टीम द्वारा मिथ्याछाप, उपयोग तेल का बार-बार उपयोग, सामग्री को बांधने पेपर का इस्तेमाल, अखाद्य रंग आदि का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान दूध व दुग्ध उत्पादों के विधिक व सर्विलांस नमूना मिलावट जांच हेतु संग्रहित किया जा रहा है। संघन जांच जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा। जनसामान्य व खाद्य कारोबारियों से चमकीली व भड़कीली मिठाईयों के उपयोग पर सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।

## कॉलेज में मनाई गई जयंती

**राजनांदगांव**। दिग्विजय कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा गोस्वामी तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद की जयंती एक साथ मनाई गई। इस अवसर पर दोनों साहित्यकारों के जीवन और साहित्य पर आधारित जिला स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी सृजन साहित्य समिति के अध्यक्ष आत्माराम कोशा विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित थे। प्राचार्य और मुख्या वक्त सहित डॉ. प्रवीण साहू, डॉ. नीलम तिवारी, डॉ. गायत्री साहू, मानसिंह मौलिक, आनंदराम सार्वा, पवन यादव सहित विवेक वासनिक, खिलेश्वरी, आरती झारिया और काजल महोबिया ने दोनों साहित्यकारों के साहित्य पर अपने विचार प्रकट किए।

हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि इस बार इन दोनों साहित्यकारों की जयंती एक दिन पड़ने के कारण जिला स्तरीय साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई गई थी। जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी उत्साह के साथ हिस्सा लिए थे। तुलसी साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता में अंकों के आधार पर खिलेश्वरी देवांगन, गूंजा सिन्हा और निहारिका को प्रथम तथा डिलेश कुमार और अदिती धमगाय को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुए। प्रेमचंद साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता में धर्मज्ञ वर्मा को प्रथम और प्रीति वर्मा तथा डिलेश को द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण साहू और आभार प्रदर्शन डॉ. शंकर मुनि राय द्वारा किया गया।

## रूप नहीं गुण देखो कार्यक्रम में जिले के प्रभावशाली व्यक्ति हुए शामिल

**राजनांदगांव**। यूनिसेफ, जिला प्रशासन एवं अलायंस फॉर बिहेवियर चेंज मेंबर सर्वहितम द्वारा संचालित रूप नहीं गुण देखो कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ रूप नहीं गुण देखो कार्यक्रम विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रूप नहीं गुण कार्यक्रम के तहत किशोरों एवं युवाओं के आत्मविश्वास को बढ़ावा देने, अभिभावकों एवं बच्चों के बीच बढ़ रही दूरियों को कम करने, किशोरों एवं युवाओं से जुड़ी लैंगिंग समस्याएं एवं बाहरी रंग के अनुसार तुलना करने की रूढियों को दूर करने कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिले के प्रभावशाली व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रभावशील प्रतिष्ठित नागरिकों ने अपने विचार भी व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. ओमकारलाल श्रीवास्तव, अजय ठाकुर, शरद श्रीवास्तव, सरिता भोजवानी, अनिमेष रॉय, सुधा पवार, मोना गोसाई, अनीता फ्रांसिस, ऋतु शर्मा, अंजू रानी साहू, प्रदीप शर्मा, यशवंत गुप्ता, रागिनी, प्रभा ठाकुर, अमलेंदु हाजरा, परमानंद रजक, जमुनादेवी, सूरज गुप्ता, विनय साहू, दिलीप खंडेलवाल सहित जिले के लगभग 50 प्रभावशाली व्यक्ति शामिल थे।

## तिलक लगाकर बांधी राखी



**राजनांदगांव**। डोंगरगांव रोड स्थित ज्ञान मान सरोवर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की संचालिका पुष्पा दीदी जी ने सभी को तिलक लगाकर राखी बांधी तथा मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर संचालिका पुष्पा दीदी जी ने रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि अपनी बुराइयों को त्याग कर अपने जीवन को उच्च बनाना तथा अपने जीवन का दुर्गुणों से रक्षा करना ही रक्षाबंधन है। इस दिन हम मुंह मीठा करते हैं , अर्थात हमे सदैव सबसे मीठा बोलना चाहिए।

## समारोह में 28 को रायपुर में सम्मानित होंगे प्रतिभागी

**राजनांदगांव**। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का नवम अग्र अलंकरण समारोह 28 अगस्त को एसएन पैलेस रायपुर में आयोजित है। प्रदेश स्तर पर विभिन्न 18 क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 18 प्रतिभागियों को अग्र अलंकरण पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

अग्र अलंकरण समारोह की जानकारी देते संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व प्रमुख संरक्षक सियाराम अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन अशोक मोदी, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्षद्वय राजेंद्र अग्रवाल राजू एवं सुनील रामदास अग्रवाल, अग्र अलंकरण टीम की संयोजिका डॉ. अनीता मोहनलाल अग्रवाल, सह-संयोजकद्वय पंकज अग्रवाल एवं डॉ. निर्मल अग्रवाल के नेतृत्व में अग्र अलंकरण की व्यापक तैयारियां की जा रही है। 01 जनवरी 2024 से 30 जून 2025 तक विभिन्न 18 क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली शख्सियतों से आवेदन मंगाए गए है। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में 15 अगस्त तक प्रांतीय कार्यालय छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन हनुमान मार्केट रामसागर पारा रायपुर में जमा कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक लोहिया के अनुसार 18 विशिष्ट क्षेत्रों के लिए पुरस्कार स्वरूप प्रत्येक चयनित प्रतिभागी को 11000 नगद, प्रशस्ति पत्र एवं शानदार प्रतीक चिन्ह के साथ उत्कृष्ट उपाधि मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

# गोरक्षा के लिए हस्ताक्षर अभियान के जरिये शिवसेना ने जुटाया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गौरक्षा के लिए शिवसेना द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। गौ हत्या बंद करने, गौ तस्कर गाड़ी को राजसात करने, गौ हत्या करते पाए जाने पर हत्या का मामला दर्ज करने, गांव-गांव स्थित गौठानों को गौशाला का नाम देकर घुमंतू पशुओं को सुरक्षित रखने एवं कलेक्टर रेट पर दो गौसेवक रखने, गौमाता को राज्य माता घोषित करने की मांग इस हस्ताक्षर अभियान के जरिये की जा रही है।

हस्ताक्षर अभियान के तहत जयस्तंभ चौक और नया बस स्टैंड के संत कंवर राम चौक में स्टॉल लगाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। शिवसेना के जिला अध्यक्ष आकाश सोनी ने बताया कि शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार ने महा हस्ताक्षर अभियान सभी संभागों में करने की शुरूआत की है।

### गोमाता को राज्य माता घोषित करने की मांग



#### स्टॉल लगाकर मांगा जनसमर्थन

शिवसेना द्वारा हस्ताक्षर अभियान हेतु दुर्ग संभाग में विभिन्न जगहों पर स्टॉल लगाया, जहां आमजन के साथ व्यापारी संगठनों ने भी समर्थन किया। कमल सोनी ने बताया कि राजनांदगांव शहर में राजपूत महासभा के जिलाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह ने भी समर्थन दिया। इसी प्रकार जिला साहू समाज एवं सर्व यादव समाज सहित अन्य कई सामाजिक संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया। हस्ताक्षर अभियान में शिवसेना के विधानसभा अध्यक्ष मुकेश साहू, शहर अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, चिंतानंद साहू, गप्पू सिन्हा, जितेंद्र यदुवंशी, देवेंद्र पिल्ले सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दोषी डॉक्टरों को करें सस्पेंड : ग्रेवाल

**राजनांदगांव**। पेंड्री स्थित जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पिछले दिनों डायरिया से एक किशोरी की मौत हो गई। इस मामले पर शहर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हनी ग्रेवाल ने एमसीएच की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं, प्रबंधन और जिम्मेदार चिकित्सकों द्वारा घोरा लापरवाही सामने आ रही है, जिस पर उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में प्रबंधन इमरजेंसी ऑन कॉल ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों को नोटिस देकर सिर्फ खानापूर्ति करने की कोशिश करें, ये उचित नहीं है। श्री ग्रेवाल ने कहा कि सीनियर रेसिडेंट डॉ. चेतन साहू और जूनियर रेसिडेंट डॉ. पराग मेश्राम को उनकी लापरवाही का अहसास होना चाहिए। उन्होंने अपनी शपथ झुठलाई है। ग्रेवाल ने मांग की है कि उक्त चिकित्सकों को तीन महीने के लिए निजी प्रेक्टिस से निलंबित किया जाए, ताकि वे अपनी गलतियां समझे और ज्यादा समय देकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों का इलाज करते उनकी समस्याओं को भी करीब से समझें।

### लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगी राहत

# बुंदेली उपकेंद्र में लगा नया ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्रामीण अंचल में बिजली उपभोक्ता एवं किसानों को भरपूर वोल्टेज पर निर्बाध व गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति करने खैरागढ़ जिले में विद्यमान पॉवर सब-स्टेशनों में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है।

इस योजना के तहत 74 लाख रुपए की लागत से बुंदेली 33/11 केव्ही सब-स्टेशन में 3.15 एमव्हीए अतिरिक्त नए पॉवर ट्रांसफॉर्मर को स्थापित कर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। छुईखदान उपसंभाग के ग्राम बुंदेली मे विद्यमान उपकेन्द्र की क्षमता पहले 10 एमव्ही था। अतिरिक्त नए 3.15 एमव्हीए पॉवर ट्रांसफार्मर के लगाए जाने से इस उपकेन्द्र की क्षमता बढ़कर 13.15 एव्हीए हो गया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि यह कार्य मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत लगभग 74 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। उन्होंने बताया कि सब-स्टेशन में पहले से मौजूदा दो 05 एमव्हीए के पॉवर ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाते थे। खासकर धान की फसल के मौसम में लोड शेडिंग एवं लो-वोल्टेज की समस्या होती थी। उक्त कार्य से लो-वोल्टेज एवं लोड शेडिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।



#### 5275 उपभोक्ताओं व किसानों को मिलेगा फायदा

ईडी श्री सेलट ने उक्त कार्य को क्षेत्र में उपभोक्ताओं एवं किसानों के हित में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सराहनीय बताते कहा कि 33/11 केव्ही सब-स्टेशन बुंदेली में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लग जाने से ग्राम कोर्राय, बोराई, पुरैना, कुकुरमुड़ा, भरदागोंड़, विचारपुर, सीनाडबरी, सुराडबरी, बुंदेली, मैन्हर, पंडरिया, ओटेबंद, तेन्दुभांठा, जोम, उदान, चाराभांठा, ढोड़िया एवं नवागांव लोधी के 5275 उपभोक्ता एवं किसानों को फायदा होगा।

#### समर्पित होकर कर रहे कार्य

उन्होंने अधीक्षण अभियंता राजनांदगांव वृत्त शंकेश्वर कंवर, ईई परियोजना मुकेश कुमार साहू, ईई खैरागढ़ संभाग एके द्विवेदी, ईई एसटीएम एडी टंडन, सहायक अभियंता मदलसा विश्वकर्मा, ममता कर्मकार व अन्य अधिकारी एवं उनकी पूरी टीम को बधाई देते कहा कि पॉवर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी उपभोक्ताओं एवं किसानों तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से किसानों एवं उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

## प्रतिमा में प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग न करें



**राजनांदगांव**। गणेश पर्व के लिए नगर निगम सीमा क्षेत्र में बनने वाले गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल का नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निरीक्षण कर प्रतिमा देख मूर्तिकारों से गणेश प्रतिमा निर्माण के संबंध में जानकारी लेकर चर्चा की। आयुक्त विश्वकर्मा ने गणेश प्रतिमा निर्माण स्थलों में जाकर मूर्तिकारों द्वारा बनाए जा रहे गणेश प्रतिमा का निरीक्षण कर मूर्तिकारों से गणेश निर्माण की जानकारी ली। उन्होने कहा कि शासन निर्देशानुसार प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमा का निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है, क्योकि प्लास्टर ऑफ पेरिस पानी में घुलता नहीं है और उससे नदी एवं तालाब का पानी प्रदूषित होता है, जिसे ध्यान में रखते मिट्टी से ही गणेश प्रतिमा का निर्माण करना है। मूर्तिकारों ने जानकारी दी कि मूर्ति निर्माण के लिए प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग नहीं करते, बल्कि काली मिट्टी अथवा कछारी मिट्टी का उपयोग किया जाता है। तालाब किनारे से मिट्टी लाकर पैरा मिलाकर मूर्ति का निर्माण करते हैं। आयुक्त ने कहा कि बड़ी-छोटी किसी भी प्रकार की प्रतिमा में प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग न करें, उपयोग करते पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## सार समाचार

### सावन सुंदरी महोत्सव का पुलिस लाइन में आयोजन

**राजनांदगांव।** सावन का महीना आते ही प्रकृति अपनी सुंदरता और ताजगी के साथ हमें अनायास ही आकर्षित करती है। इस पावन महीने के



महत्व को बढ़ावा देने स्थानीय पुलिस लाईन में सावन सुंदरी महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सावन की थीम पर आधारित साज सज्जा और सजावट, सावन के गीतों पर नृत्य और संगीत की प्रस्तुति, सावन से जुड़ी कविता और कहानी सत्र, हरियाली और प्रकृति संरक्षण पर चर्चा, सावन से संबंधित विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. तेजमाला देशमुख ने बताया कि सावन महोत्सव प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस लाईन की सभी महिलाओं का भरपूर सहयोग मिला। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्णिमा साहू, जमुना साहू, शीला डहरिया, कंचन तारम, ललिता सलामे, ललिता साहू, खेमलता साहू, श्यामा देशमुख, चुरेन्द्र, खिलेश साहू, मंजु हिरवानी, हेमिन चंद्रवंशी, रंजना साहू, हिमांशी देशमुख सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

### मोर तिरंगा मोर अभियान यात्रा के प्रभारी नियुक्त

**राजनांदगांव।** भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने तिरंगा यात्रा की तैयारी के सम्बन्ध में बताया कि 4 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा मंडल स्तर पर निकाली जाएगी इसके लिए संयोजकों की घोषणा हो गई है। 10 अगस्त को सभी मंडलों में बैठक आहूत की गई है जिसके लिए प्रभारियों की नियुक्ति भी की गई है जिसके अनुसार राजनांदगांव उत्तर दक्षिण एवं ग्रामीण के पूर्व पश्चिम के लिए जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत जी बैठक लेंगे। डोंगरगढ़ शहर दिनेश गांधी, डोंगरगढ़ ग्रामीण किरण वैष्णव, घुमका अतुल रायजादा, तिलई मंडल के कैलाश शर्मा, मुसर मुरमुंदा रविंद्र वैष्णव, तुमडीबोड राजेंद्र गोलछा, अर्जुनी मंडल के संयोजक शीला सिन्हा, कुमरदा चंद्रिका डडसेना, गैंदाटोला से श्रीमती जागृति यदु जी, छुरिया के लिए विनोद खांडेकर, लाल बहादुर नगर के लिए सौरभ कोठारी, तथा डोंगरगांव हेतु मूलचंद लोधी को बैठक एवं आयोजन की तैयारी की महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई है।

### वाईडनर कप फुटबॉल स्पर्धा का रंगारंग शुभारंभ

**राजनांदगांव।** शिक्षण संस्था वाईडनर स्कूल द्वारा आयोजित वाईडनर कप फुटबॉल स्पर्धा का शुभारंभ शाला के मैनेजर फादर जोसेफ राज और प्राचार्य फादर टी अमलासीलन के करकमलों के द्वारा किया गया। स्पर्धा का



उदघाटन मैच नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल विरुद्ध वेसलियन स्कूल के मध्य खेला गया। मैच के शुरुआत के पहले मिनट में ही नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल ने टीम के लिए पहला गोल दागा। उसके बाद 6वे मिनट में ही दूसरा गोल दाग कर पहले हॉफ तक 2 गोल से टीम को बढ़त दिलाई। नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल ने यह मैच 0 गोल के मुकाबले 5 गोल से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया।

नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल की और से श्रेयांश श्रीवास्तव ने 3, सागर श्रीवास्तव ने 1 और मोहम्मद जैद ने 1 गोल किया। इस उद्घाटन मैच के निर्णायक हिमांशु, कृष्णा और दुष्यंत थे। यह जानकारी स्पर्धा के संयोजक डेनियल फ्रांसिस ने दी।

### शिवनाथ नदी में युवक बहा, खोज बीन जारी

**राजनांदगांव।** शिवनाथ नदी में कांवड से जल लेने गया शहर का युवक



शिवनाथ नदी मोहारा एनिकट के पास पानी के बहाव में बह गया, जिसकी खोज बीन देर शाम तक जारी रही। प्राप्त जानकारी अनुसार शहर के बालगोविदं चौक के पास ठेठवार पारा निवासी प्रशांत सोनी उम्र लगभग 35 वर्ष आज प्रातः लगभग 7 बजे शिवनाथ नदी जल लेने एवं पूजा अर्चना करने गया हुआ था। नहाते वक्त वह नदी के पानी के तेज बहाव में बह गया। जिससे आस पास के लोग सकते में आ गए। इस मामले की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम गोताखोर युवक की तलाश में देर शाम तक जुटे रहे। समाचार लिखे जाने तक युवक का पता नही चल पाया गया।

#### नदी किनारे बडी संख्या में लोग पहुंचे

इस घटना की खबर सुनने के बाद बडी संख्या में लोग शिवनाथ नदी के पास सुबह से देर शाम तक युवक की जानकारी लेने जुटे रहे। बताया गया कि युवक सावन माह में प्रतिदिन शिवनाथ नदी से जल लेने जाया करता था आज भी वह नहाने व पूजा अर्चना के लिए गया हुआ था। इस दौरान वह नदी के पानी में बह गया। जिसकी तलाश की जा रही है।

### संरक्षण, शिक्षा, रोजगार और विकास से संबंधित मांगें प्रमुख

# विश्व आदिवासी दिवस : रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय मोहला में एक भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना अध्यक्ष नम्रता सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत मिनी स्टेडियम मोहला से हुई, जहाँ से विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर उत्साह के साथ शामिल हुए।

रैली मिनी स्टेडियम से निकलकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई तहसील कार्यालय परिसर पहुँची, जहाँ राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न अधिकारों, परंपराओं के संरक्षण, शिक्षा, रोजगार और विकास से संबंधित मांगें शामिल थीं।

इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, आदिवासी समाज के वरिष्ठजन, महिला-पुरुष एवं युवाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। पूरा कार्यक्रम उत्साह, सांस्कृतिक रंग और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण बना।



#### आदिवासी समाज हमारे देश की पहचान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नम्रता सिंह ने कहा कि आदिवासी समाज हमारे देश और प्रदेश की गौरवशाली पहचान है, जिसकी संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्य आज भी हमें प्रकृति के साथ संतुलन और सामूहिक जीवन की शिक्षा देते हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का इतिहास संघर्ष, साहस और स्वाभिमान से भरा हुआ है। हमें अपनी विरासत और पहचान को सहेजते हुए आने वाली पीढ़ियों को भी इसका गौरव बताना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा आदिवासी समाज के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। इस दिशा में जिला पंचायत और आदिवासी विकास परियोजना के माध्यम से सतत प्रयास जारी हैं।

# घरेलू विवाद पर सहायक आरक्षक फांसी पर झूला



**मोहला।** अंबागढ़ चौकी थाना मे पदस्थ सहायक आरक्षक ने शुक्रवार बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरक्षक का नाम नरेश सलामे है जो अंबागढ़ पुलिस थाने में पदस्थ था। सरकारी क्वार्टर के खिड़की में फांसी के फंदे में झूले आरक्षक को बचाने बेटा व थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम चंद् मिनटो के भीतर घटनास्थल पहुंचकर बचाने का प्रयास किया, परंतु गमछा में लटक चुके आरक्षक की दम घुटने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद गृह ग्राम में अंतिम संस्कार की गई।

उल्लेखनीय कि शुक्रवार रात 11:30 बजे के लगभग सहायक आरक्षक नरेश सलामे पिता लिरिगसाय सलामे उम्र 40 वर्ष ग्राम खुनैरा पाटन खास विकासखंड मोहला निवासी ने घरेलू विवाद के बाद थाना अपने क्वाटर की खिड़की में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह तीन बच्चे और पत्नी के साथ रहता था। घटना को लेकर बताया गया कि शुक्रवार को पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद हो गया जिसके बाद अचानक रात को आवेश में आकर आरक्षक नरेश सलामे घर का दरवाजा बंद कर बाहर निकल गया और क्वार्टर के बाहरी खिड़की में अपने गमछे से फांसी लगा लिया फांसी के फंदे में झूलने के दौरान मंझला बेटा किसी तरह घर से बाहर निकल कर अपने पिता को बचाने का प्रयास करते हुए थाना को सूचना दिया। सूचना मिलते ही तत्काल थाना प्रभारी अश्वनी राठौर सहित पूरा अमला घर पहुंचा और फंदे से मृतक को बचाने का प्रयास किया गया तब तक दम घुटने से आरक्षक की मौत हो गई। पोस्टमार्टम कर आज गृह ग्राम में आरक्षक का अंतिम संस्कार किया गया।

घरेलू विवाद के बाद सहायक आरक्षक ने फांसी लगा ली। तत्काल बचाने का प्रयास किया गया परंतु तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।
**अश्वनी राठौर,** थाना प्रभारी, अं.चौकी







**राजनांदगांव।** सावन पूर्णिमा के अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव सपरिवार भोरमदेव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

### चाकू से प्राण घातक हमला, कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नशे में घुत आरोपी गाली गलौज कर रहा था जिसे मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 अगस्त को शाम करीबन 4 बजे प्रार्थी पीड़ति पाले खान उम्र करीबन 40 साल निवासी पुराना बस स्टैण्ड डोंगरगढ़, पुराना बस स्टैण्ड मजहर आटो दुकान डोंगरगढ़ के सामने खड़ा था। वहीं पर सलीम खान शराब पीकर गाली-गलौज कर रहा था। जिसे पीड़ति पाले खान द्वारा गाली देने से मना किया तो आरोपी पीड़ति पाले खान को गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुये, हत्या करने की नियत से अपने पास रखे चाकू से पीड़ति पाले खान के पेट और गले में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी रिपोर्ट पर धारा-296, 351(2), 109 बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया।


#### पुलिस ने किया चाकू जप्त

इस मामले में पुलिस ने आरोपी सलीम खान निवासी डोंगरगढ़ का पता तलाश कर हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी घटना बाद घटना में प्रयुक्त चाकू को भागते समय मजहर ऑटो के पीछे नाली पास फेंक दिया था जिसे जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। आरोपी को आज 8.अगस्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

### डोंगरगांव मदिरा दुकान के बाहर बोरे में पकड़ाई 523 बोतल शराब

**राजनांदगांव।** जिले के डोंगरगांव स्थित शराब दुकान से कुछ ही दुरी पर तीन से चार बोरी में भरी हुई करीबन 523 बोतल देशी शराब का जखीरा पकड़ाया है। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही कोचिया भाग निकलने में सफल रहा। बताया गया कि मौके पर ही कुछ युवकों ने अवैध कारोबार के लिए लेकर जा रहे युवक को इस जखीरा के साथ पकड़ा था।

जिले के डोंगरगांव शराब दुकान की लगातार शिकायतें सामने आ रही है। दुकान से कोचियों को बेधड़क बड़ी मात्रा में शराब देने की शिकायतों के बीच एक बार फिर बड़ा जखीरा पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार शुक्रवार की रात उन्हें सूचना मिली कि डोंगरगांव से कोहका जाने वाले मार्ग पर तीन से चार प्लास्टिक बोरी में 523 शराब की बोतल थी। कुछ युवकों द्वारा उक्त जखीरे को पकड़ा गया था। पुलिस की टीम ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।



















**उत्साह:** पर्व को लेकर लोगों में दिखा उत्साह, बाजार में दिनभर रही रौनक

# अंचल में धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को शुभ मुहूर्त के चलते सुबह से ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर शहर में दिनभर गहमागहमी का माहौल देखने को मिला। रक्षाबंधन में अपने भाईयों को राखी बांधने, बहनों ने जमकर तैयारियां की थी। विभिन्न प्रकार के पकवानों से सजी थाल के साथ एक से बढ़कर एक सुंदर-सुंदर राखियां भाईयों की कलाई पर सजती रही। बहनों ने भाईयों की कलाई में राखी बांधकर जहां उनके लिए मंगल कामना की, वहीं भाईयों ने बहनों की रक्षा का वचन दिया। रक्षा बंधन के त्यौहार को लेकर वैसे तो सुबह से ही नगर में गहमा-गहमी शुरू हो गई थी। लेकिन जहां तक राखी बांधने का सवाल है तो शुभ मुहुर्त देखकर ही बहनो ने अपने भाईयों की कलाईयों में राखियां बांधी। पर्व को लेकर खासकर छोटे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। त्यौहार को लेकर बाजार में भी काफी गहमा-गहमी रही। वहीं बसों व टैक्सियों में खासी भीड़ देखी गई। श्रावण पूर्णिमा को मनाया जाने वाला रक्षाबंधन का त्यौहार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घरों में लोगों ने शनिवार को सुबह से ही पूजा अर्चना कर अपने इष्टों को राखी अर्पित की। इसके बाद बहनों ने भाईयों के माथे में तिलक लगाकर आरती उतारी तथा राखी बांधकर मुंह मीठा कराया। पारम्परिक रूप से मनाए जाने वाले इस पर्व के मौके पर सभी वर्ग के लोगों में खासा उत्साह देखा गया। जिनमें बच्चे नए कपड़े पहनकर राखी पर्व मनाने में व्यस्त रहे। इस पर्व पर दूर दराज में रहने वाले भाई अपनी बहनों के पास राखी बंधवाने पहुंचे। यात्री वाहन टैक्सी तथा बसों में आज सुबह से ही काफी भीड़-भाड़ रही। नगर के बाजार में भी युवतियों तथा महिलाओं ने मिठाई, राखी, कपड़े, गहने व उपहार की जमकर खरीदी की। सदर बाजार सहित महावीर स्वामी चौक, राजस्थानी मिष्ठान भंडार, कल्पना रेस्टोरेंट हाटल पर्ल कांटिनेंटल व हीरा स्वीट्स में लोगों की काफी भीड़ रही। जिन लोगों ने पर्व के पहले खरीदी नहीं की थी, वे आज खरीदी करने बाजार पहुंचे। जिनमें नगर के अलावा आसपास के ग्रामों में ग्रामीणजन भी थे। नगर के सामाजिक संस्थाओं में भी आज रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। पंडितों तथा ज्योतिर्विदों के अनुसार इस बार रक्षाबंधन के त्यौहार पर भ्रदा की छाया नहीं थी।

### आज रहेगी भोजली उत्सव की धूम



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज स्थानीय राजमहल में भोजली उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर महारानी कृति देवी सिंह आम जनता से मुलाकात करेंगी। तत्पश्चात महिला मंडलियों द्वारा भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बाद में महारानी कृति देवी द्वारा भोजली की परम्परानुसार विधि विधान से पूजा अर्चना कर भोजली विसर्जित की जायेगी।

# अशोका पब्लिक स्कूल में राखी के धागों से बंधा प्रेम और भाईचारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय अशोका पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम, उत्साह और परंपरागत भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गई, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विद्यालय की छात्राओं ने न केवल छात्र भाइयों को राखियाँ बाँधीं बल्कि देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के लिए भी राखियाँ बनाई और उन्हें समर्पित कर अपने भावपूर्ण संदेश कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस बल 17वीं सीएएफ बटालियन के अधिकारी, कर्मचारी एवं जवानो के द्वारा प्रेषित किए। इस पहल ने बच्चों में देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को सुदृढ़ किया। इस अवसर पर विद्यालय में राखी एवं थाली सज्जा प्रतियोगितार का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी राखियां और सजी हुई थालियां सभी के आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा गीत, नृत्य और लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई, जो रक्षाबंधन के महत्व और भाई-बहन के पवित्र संबंध को सुंदर रूप में दर्शा रही थीं।

स्नेही एवं आकर्षक कार्यक्रम को विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन ने संबोधित करते हुए बतलाया कि अपनी देश की संस्कृति एवं सभ्यता की पहचान में त्यौहारों का विशेष स्थान होता हैं । बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विभिन्न पर्व हमारे विद्यालय में भी मनाया जाता हैं, ताकि बच्चे अपनी परंपरा को अपने हृदय में आत्मसात कर सके । विद्यालय प्राचार्य एसएल नापित ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक ही नहीं, बल्कि यह सुरक्षा, कर्तव्य और विश्वास का भी पर्व है। हमारे देश के सैनिक हमारे असली रक्षक हैं जो सीमा पर रहकर हमारी रक्षा करते हैं। उन्हें राखी बांधना वास्तव में एक गर्व का क्षण है । यह आयोजन सभी के लिए एक प्रेरणा बन गया कि रक्षाबंधन केवल एक पारिवारिक पर्व नहीं, बल्कि यह उन सभी के प्रति सम्मान और उत्तरदायित्व का प्रतीक है जो हमारी सुरक्षा, सुख और स्वतंत्रता के लिए समर्पित हैं। बच्चों ने न केवल रचनात्मकता सीखी, बल्कि यह भी सीखा कि सच्ची रक्षा का बंधन सेवा, त्याग और समर्पण से जुड़ा होता है। विद्यालय परिसर उत्सव, उल्लास और देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहा। रक्षाबंधन कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य लोकनाथ देवांगन के द्वारा सभी उपस्थित वीर सैनिकों,अभिभावकों को उनके उपस्थिति एवं बच्चों को अपना बहुमूल्य समय देकर उनको आशीर्वाद तथा आशीर्वाचन देने हेतु धन्यवाद दिए। बच्चों को उनकी मेहनत से कार्यक्रम की सफलता के लिए सराहा और निरंतर बेहतर प्रयास करने हेतु प्रेरित किया ।

# राम्हेपुर कला का मिडिल स्कूल परिसर बना टापू, बच्चों को उठानी पड़ रही है भारी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बोड़ला ब्लॉक के अंतर्गत राम्हेपुर कला स्थित है जहां शासकीय मिडिल स्कूल संचालित हो रहा है, स्कूल परिसर की समतली करण और नाली निकासी के अभाव के कारण जहां बारिश का पानी स्कूल परिसर पर जल भराव हो गया है जो टापू जैसे प्रतीक होने लगे हैं जानकारी के अनुसार नाली निकासी नहीं होने के कारण परिसर पर जल भराव हो रहे हैं जिसे स्कूली बच्चों को प्रार्थना करना मुश्किल हो रहा है स्कूल के अंदर प्रार्थना करना पड़ता है यदि ग्राम पंचायत जनपद पंचायत और जिला पंचायत को संज्ञान लेने की जरूरत है ताकि स्कूल परिसर सीसी और नाली पक्की कराया जाए ताकि स्कूली बच्चों को राहत मिल सके वैसे छात्र-छात्राएं देश का भविष्य होता है इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

# जलेश्वर महादेव प्रांगण में सेन नाई समाज की महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



विगत दिनों सर्वसेन नाई समाज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा जलेश्वर महादेव घाट डोंगरिया प्रांगण में भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सुश्री मोना सेन प्रांतीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ अध्यक्षता पुनीत राम सेन प्रांत अध्यक्ष सर्वसेन समाज अति विशिष्ट अतिथि धनुष राम सेन सदस्य केश शिल्पी बोर्ड एवं उपाध्यक्ष प्रांत सेन समाज विशिष्ट अतिथि मुन्ना श्रीवास तखतपुर नगर पंचायत पार्षद मोहन, श्रीवास पार्षद बिलासपुर कपिल श्रीवास, जिला अध्यक्ष कबीरधाम पुष्पा श्रीवास, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तखतपुर आदि की गरिमामई उपस्थिति रही कार्यक्रम सुबह दस बजे से संत शिरोमणि सेन महाराज के पूजा अर्चना भगवान गणेश के वंदना एवं जालेश्वर महादेव के विधि विधान पूजा से प्रारंभ किया गया कार्यक्रम में सेन समाज से ही मां विंध्यवासिनी रामायण मंडली के द्वारा मानस गान एवं राकेश चंद्रसेन बोड़ला का छत्तीसगढ़ी प्रस्तुति लोक अनुहार कार्यक्रम में समां बांधे रखा समाज के महिलाओं द्वारा अतिथियों के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस आयोजन में महिला प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारी को मुख्य अतिथि के द्वारा नियुक्ति प्रमाण पत्र एवं समाज के व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया अतिथियों को शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया वहीं पर विकासखंड पंडरिया के पूर्व अध्यक्ष कपिल श्रीवास के द्वारा उपस्थित वरिष्ठ जनों को श्रीफल एवं गमछा देकर सम्मानित किया गया सभी अतिथियों के द्वारा कुल मिलाकर 50 हजार से अधिक की राशि समाज को सहयोग के रूप में दिया गया। मुख्य अतिथि सुश्री मोना सेन एवं अध्यक्ष पुनीत राम सेन तथा धनुष रामसेन एवं मुन्ना श्रीवास तखतपुर मोहन श्रीवास, बिलासपुर के द्वारा अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता की बात कही गई साथ ही साथ समाज में संगठनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के लिए हमें तन मन धन से आगे आने की बात कही गई वहीं पर सुश्री मोना सेन के द्वारा अपने व्यक्तिगत मोबाइल नंबर को सार्वजनिक करते हुए कहा गया कि समाज के कोई भी भाई बहन को किसी प्रकार से मेरी सहायता की आवश्यकता हो तो मुझे जरूर याद करें उन्होंने आवश्यक सहयोग प्रदान करने की बात कही कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से जिला कबीरधाम के महिला प्रकोष्ठ सेन नाई समाज के द्वारा किया गया जिसमें अध्यक्ष श्रीमती विद्या श्रीवास का अहम योगदान रहा साथ ही साथ श्रीमती अनुति श्रीवास दुर्गा श्रीवास, श्रीमती गायत्री श्रीवास, श्रीमती जमुना श्रीवास, श्रीमती मधु चंद्रसेन, श्रीमती शकुंतला चंद्रसेन, कपिल श्रीवास कवर्धा नेतराम श्रीवास, कपिल श्रीवास पंडरिया, राकेश चंद्रसेन, प्रमोद चंद्रसेन, नारद श्रीवास, जयराम श्रीवास, अयोध्या श्रीवास, खोमन श्रीवास आदि सभी सामाजिक सदस्यों एवं पदाधिकारी का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम का आभार आयोजक श्रीमती विद्या श्रीवास ने एवं संचालन मन्नू लाल चंद्रसेन ने किया।

### इनोवेशन पब्लिक स्कूल बारदी में वेस्ट मटेरियल से बनी राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**हरिभूमि बरबसपुर।** सीखना ही जीवन है और सीखने की कोई उम्र नहीं होती है इंसान किसी भी उम्र में सिख सकता है बस सीखने की ललक होनी चाहिए, छोटे-छोटे बच्चे विद्यालयों में सीखते है आखिरकार विद्यालयों को सही मायने में बच्चों को सिखाने के उद्देश्य से ही बनाया गया है, इसी तत्वाधान में बच्चों को सिखाने के तारतम्य में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर इनोवेशन पब्लिक स्कूल बारदी में वेस्ट मटेरियल से बनी राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें इस विद्यालय के बच्चों को राखी एवं थाली वेस्ट मटेरियल जैसे पुराने कपड़े, बटन, मोती, रिबन, कार्ड बोर्ड आदि का उपयोग करके बनवाया गया एक प्रकार से यह कबाड़ से जुगाड़ हो गया इसका उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और भारतीय संस्कृति के महत्व को बढ़ावा देना है। राखी मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया एवं अपने हाथों से बनाई राखी को छात्राओं के द्वारा छात्र को बांधा गया।छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को राखियां बांधकर मुंह मीठा कराया।कार्यक्रम से पहले शिक्षिकाओं ने बच्चों को भाई-बहन के इस पावन पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य महादेव निषाद ने बताया कि बच्चों को हम विद्यालय में विद्या अध्ययन के साथ ही साथ अन्य दैनिक जीवनोपयोगी कार्य भी सिखाते है जिससे सभी बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सके रक्षाबंधन केवल महंगी राखियों और उपहारों तक सीमित नहीं है बल्कि यह त्याग और सहयोग का संकल्प लेने का महापर्व है। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापिका संतकुमारी घृतलहरे, प्रगति चंद्रवंशी, पूर्णिमा यादव एवं भुनेश्वरी साहू, वरिष्ठ अध्यापक रामफल साहू एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहकर बच्चों को रक्षाबंधन के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ इस त्यौहार को मनाया और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का सम्मान किया।

### रक्षाबंधन पर्व...



**कवर्धा।** प्रजापति ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्रम्हचारी बहनो ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह को राखी बांधी ।

# रक्षाबधंन पर भाइयों के लिए बहनों का दिखा प्रेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण एवं शहरों में सुबह से रक्षाबंधन त्यौहार का उत्सव देखने को मिला बहन भाइयों का विधि विधान से पूजा अर्चना कर गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर हाथों पर राखी बांधा रक्षाबंधन भारतीय धर्म संस्कृति के अनुसार रक्षाबन्धन का त्यौहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्यौहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहन सुबह स्नानादि से निवृत्त होकर लड़कियां और महिलाएं पूजा की थाली सजाती हैं। थाली में राखी के साथ रोली या हल्दी, चावल, दीपक, मिठाई और कुछ पैसे भी होते हैं। लड़के और पुरुष तैयार होकर टीका करवाने के लिये पूजा या किसी उपयुक्त स्थान पर बैठते हैं। पहले अभीष्ट देवता की पूजा की जाती है, इसके बाद रोली या हल्दी से भाई का टीका करके चावल को टीके पर लगाया जाता है और सिर पर छिड़का जाता है, उसकी आरती उतारी जाती है, दाहिनी कलाई पर राखी बाँधी जाती है। भाई अपनी बहन को कुछ उपहार देता है। यह एक हिन्दू त्यौहार है जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। श्रावण सावन में मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी या सलूनो भी कहते हैं। रक्षाबन्धन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्त्व है। राखी कच्चे सूत जैसे सस्ती वस्तु से लेकर रंगीन कलावे, रेशमी धागे, तथा सोने या चांदी जैसी मंहगी वस्तु तक की हो सकती है। रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते का प्रसिद्ध यौहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहने भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती है।

**गुरूवाणी की मधुर धुनों के बीच उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, लंगर में हजारों ने ग्रहण की प्रसादी**

# कुण्डा दुःख निवारण गुरुद्वारा में चोला परिवर्तन समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी ग्राम कुण्डा स्थित आस्था एवं विश्वास के प्रमुख केन्द्र सोढ़ी दरबार दुःख निवारण गुरुद्वारा में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर श्री निशान साहिब का चोला परिवर्तन समारोह धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं प्रदेशभर से आए श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम के अवसर पर गुरुद्वारा को रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों एवं धार्मिक झंडों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। विगत दिनों से जारी खंड पाठ की लड़ी का समापन पूर्णिमा के दिन विधिवत रूप से किया गया। प्रातःकाल से ही गुरूवाणी यश-गान की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु कीर्तन-संगीत में लीन हो गए। कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही कुण्डा, आसपास के गांवों तथा प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु गुरुद्वारा पहुंचने लगे। दोपहर होते-होते विशाल भीड़ की उपस्थिति में श्री निशान साहिब का चोला विधिपूर्वक बदला गया। श्रद्धालुओं ने वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयघोष के साथ वातावरण को गूंजायमान कर दिया। चोला परिवर्तन के बाद गुरुद्वारा प्रांगण में गुरू का अटूट लंगर आयोजित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्ति में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। लंगर में न केवल सिख समाज के लोग बल्कि विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जो इस आयोजन की सर्वधर्म-संभावना की भावना को दर्शाता है।हर धर्म में है गुरुद्वारा के प्रति आस्था गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार बाबा हरदीप सिंह ने बताया कि सोढ़ी दरबार दुःख निवारण गुरुद्वारा के प्रति सिख समाज ही नहीं, बल्कि अन्य धर्मों के लोगों की भी गहरी आस्था है। वर्षों से यहां परंपरागत रूप से ऐसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते आ रहे हैं, जिनमें हर धर्म और वर्ग के लोग एक साथ शामिल होकर भाईचारे का संदेश देते हैं। इस प्रकार, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर हुआ यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश भी छोड़ गया।

# मक्के स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रक्षाबंधन एक पारंपरिक हिंदू त्यौहार है, जो भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। इस त्यौहार पर, बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाने और उनके प्रेम को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।

इस त्यौहार पर, बहनें अपने भाइयों को राखी बांधकर उनकी रक्षा करने का वचन लेती हैं और भाई अपनी बहनों की रक्षा और देखभाल करने का वचन देते हैं। इस त्यौहार पर, बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई राखियों का उपयोग करती हैं। रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है और यह हमें अपने परिवार और रिश्तों के महत्व को समझने की याद दिलाता है।

यह त्यौहार हमें अपने भाइयों और बहनों के प्रति अपने प्रेम और स्नेह को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। प्रधान पाठिका श्रीमती एल्विना विल्सन सभी बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी और बच्चों को मिठाइयां खिलाई। यह त्यौहार आपके जीवन में सुख, समृद्धि और प्रेम लाए , एल्विना विल्सन, कपूर राम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल खण्डे, युगल किशोर साहू, नंदकिशोर साहू, महारानी साहू उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### स.लोहारा महाविद्यालय में बैठक आयोजित

**स.लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में गुरुवार को उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य प्रावधान से बीए. बीकॉम. बीएससी प्रथम सेमेस्टर एवं बीए. बीकॉम. बीएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को अवगत कराने हेतु दीक्षा आरंभ समारोह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष मिश्रा अध्यक्ष नगर पंचायत सहसपुर लोहारा, विशिष्ट अतिथि लालाराम साहू, मंडल अध्यक्ष भाजपा योगेश साहू, जन भागीदारी अध्यक्ष महाविद्यालय सहसपुर लोहारा अशोक पटेल, जनपद उपाध्यक्ष सहसपुर लोहारा पर्यटन आदि उपस्थित थे।

# जिला सर्व आदिवासी समाज ने विश्व आदिवासी दिवस पर नगर में निकाली महारैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज रूढ़ी जन्य परंपरा आधारित जिला इकाई कवर्धा के संयोजन में 9 अगस्त को जिले में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वआदिवासी समाज द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा में भव्य आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होने जिलेभर से समाज के महिला, पुरूष, युवक, युवती तथा समाज के पदाधिकारी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। जिले में कार्यरत समस्त सामाजिक संगठन अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद, वीरांगना रानी दुर्गावती महिला ब्रिगेड, जिला गोंड समाज सेवा समिति, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति, उरांव समाज, आदिवासी हलबा समाज, जिला बैगा समाज, आदिवासी कंडरा समाज, संवरा समाज, अगरिया समाज, आदिवासी धोबा समाज, कंवर समाज,भील, भिलाला समाज के मातृ शक्ति पितृ शक्ति लया लयोर समाज प्रमुख अधिकारी कर्मचारी के संयुक्त तत्वाधान में 9 अगस्त को मुख्य आयोजन के तहत जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित आदिवासी मंगल भवन में सर्व प्रथम संयुक्त राष्ट्र संघ का ध्वज व देश की आन, बान और शान तिरंगा तथा सतरंगी ध्वजा रोहण समाज प्रमुखों द्वारा किया गया। तत्पश्चात आदिवासी मंगल भवन से विशाल महारैली निकाली गई। आदिवासी समाज के पारंपरिक वाध्य यंत्रों के साथ आंगादेव, कर्मा, रेला पाटा दल, बैगा नृत्य के नर्तक दल से सजी धजी महारैली आदिवासी मंगलभवन से अम्बेडकर चौक, जय स्तम्भ चौक, गुरूनानक गेट, मेन रोड, ऋषभदेव चौक, शीतला मंदिर चौक से होते हुए बुढ़ा महादेव मंदिर, राजमहल चौक से होते हुए रानी दुर्गावती चौक पहुंची। इस दौरान महारैली में शामिल समाज के लोग अपने पारंपरिक वाध्य यंत्रों की थाप में हर्षोल्लास से झूमते नाचते नजर आए। पारंपरिक सामाजिक परिधानों में सजे आदिवासी समाज के मातृ शक्तियां एवं समाज प्रमुख लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहे। महारैली के रानी दुर्गावती चौक पहुंचने पर सामूहिक रेला पाटा का आयोजन किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के अंत में संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर आदिवासी समाज के प्रमुख डॉ संतोष धुर्वे, मीनाक्षी धुर्वे, अमर सिंह कुशरे, इतवारी मछिया, मोती बैगा, इतवारी मरावी, सुखनंदन धुर्वे, रतिराम भट्ट, डॉ आईएस ठाकुर, लखन, कुलदीप कुजूर, आसित तिग्गा, रमेश मरकाम, आसकरण सिंह धुर्वे, पुसू बैगा, अंजोर सिंह सिदार, भूपेंद्र माथले, हरे सिंह वास्केल, सेमलाल, सरजू मरावी, पडिया, कार्तिक मरकाम, संतोष धुर्वे, उत्तम नेताम, मानकुंवर धूमकेती, राजकुमारी धुर्वे, हेमलता धुर्वे, रोशनी मरावी, वतन मरावी कुसुमलता धुर्वे, अनिता सैयाम, शिवकुमार धुर्वे, कल्पना मरावी, रेवती धुर्वे, संतोषी धुर्वे, भगेला मरावी, पीतांबर धुर्वे, कोमल मरकाम, करन सिदार, विजय धुर्वे, प्रेमप्रकाश पोर्ते, विषाणुराम, विनोद कुमार धुर्वे, मानिक मरावी, दीपक, रानी धुर्वे, सीता धुर्वे, जोहारी, नानू बैगा, तिहरू बैगा, संतराम बैगा, हरे सिंह बैगा, शिवराम, मंगलसिंह बैगा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

**महारैली में दिया गया सामाजिक संदेश**



विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर सर्व आदिवासी समाज के तत्वाधान में जिला मुख्यालय कवर्धा में निकाली गई महारैली में तख्तियों के माध्यम से सामाजिक संदेश भी दिया गया। महारैली में शामिल समाज के लोग अपने हांथों में अपने संवैधानिक अधिकार के शत प्रतिशत पालन कराने, भाषा, संस्कृति, देव स्थल आदि को संरक्षित रखने तथा जनगणना में पृथक कॉलम, विश्व आदिवासी दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश की मांग संबंधित तख्तियां लेकर चल रहे थे।

**दहशत:** मांगों को लेकर गृहमंत्री, कलेक्टर व एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

# कोटवार संघ ने की सुरक्षा की मांग, प्रशासन से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते दिनों जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम भीरा में कोटवार नरेन्द्र दास मानिकपुरी की डंडे लाठी से पीट पीटकर हत्या किए जाने की घटना के सामने आने के बाद जिलेभर के कोटवार दहशत में है और अब दहशतजदा कोटवारों ने जिला कोटवार संघ के बैनर तले जिले के पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर तथा गृहमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर कोटवारों की सुरक्षा तथा मृतक कोटवार नरेन्द्र दास मानिकपुरी के आश्रितों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

बताया जाता है कि बीते शुक्रवार को जिला कोटवार संघ के बैनर तले जिलेभर के कोटवार बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचे। जहां उन्होने कलेक्टर, एसपी और गृहमंत्री के नाम अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

इस अवसर पर जिला कोटवार संघ के अध्यक्ष सुरेश दास मानिकपुरी ने कहा कि कोटवार नरेन्द्र दास मानिकपुरी के साथ हुई मारपीट की घटना तथा हत्या न सिर्फ निंदनीय है बल्कि चिंताजनक भी है। कोटवारों ने कहा कि इस घटना के सामने आने के बाद जिलेभर के कोटवारों में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता व्याप्त है। कोटवार 26 विभागों का काम करते हैं, गांव में मुनादी करानी हो या किसी की मौत हो गई हो तो सबसे पहले मौके पर जाकर प्रशासन को अवगत कराते हैं। इसके अलावा राजस्व मामला हो या कोई और सभी काम अपनी पूरी इमानदारी से करते हैं। उसके बावजूद शासन हमें सिर्फ 2200 रुपए मानदेय देती है। कुछ कोटवारों को शासन ने जमीन दी हुई है पर बहुत से कोटवार भूमिहीन हैं और वे भी काम कर रहे हैं। शासन को कोटवारों के लिए सोचने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत है। साथ ही उन्होने मृतक कोटवार नरेंद्र दास मानिकपुरी के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने तथा मुआवजा की मांग की है। देखने वाली बात होगी की कोटवार संघ की मांग पर शासन-प्रशासन आगे क्या कार्यवाही करता है।



**विवाद के बीच ग्राम भीरा में कोटवार की कर दी गई थी हत्या**

उल्लेखनीय है कि बीते दिनो जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतग्रत ग्राम भीरा में कोटवार नरेंद्र दास मानिकपुरी की आपसी विवाद के बीच डंडे, लाठी से पीटपीट कर हत्या कर दी गई थी। बताया जाता है कि आरोपी चैन सिंह ने मामूली बात पर डंडे से पीटकर नरेंद्र दास मानिकपुरी को मौत के घाट उतार दिया था। घटना के सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी चैन सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। लेकिन इस घटना के बाद जिलेभर के कोटवारों में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# हॉकी खिलाड़ी रुखमणी के गोल की बदौलत छत्तीसगढ़ सेमीफाइनल में

## मध्यप्रदेश को मात देकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

- काकीनाड़ा आंध्रप्रदेश में आयोजित की गई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

काकीनाड़ा आंध्रप्रदेश में आयोजित 15 वीं हॉकी जूनियर महिला प्रतियोगिता के क्वाटर फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ ने मध्यप्रदेश को पेनल्टी शूट आउट में 2-1 से परास्त कर सेमी फाइनल में जगह बना ली है।

मध्य प्रदेश के खिलाफ मैच के शुरुआती 2 मिनट में ही जय हिन्द हॉकी क्लब बोड़ला की यशोदा ने छत्तीसगढ़ की ओर से शानदार गोल करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिलाकर और फिर बाद में मध्यप्रदेश ने 1 गोल कर स्कोर की बराबरी की। 60 मिनट के रेगुलेशन टाइम में मैच 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ। इसके बाद मैच का निर्णय पेनल्टी शूट आउट से किया गया।

जिसमे दोनों टीमों को 5-5 मौके दिए गए। मध्य प्रदेश की टीम सिर्फ 1 गोल किया वहीं छत्तीसगढ़ की और से भी केवल रुखमणी ने गोल किया। जिसके बाद मैच का निर्णय सडन डेथ पेनल्टी शूट आउट से किया गया। जिसमे एमपी की टीम गोल नहीं कर पाई वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से रुखमणी ने पुनः गोल करके रोमांचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ को जीत दिलाई। लीग मैचों में छत्तीसगढ़ की टीम को पहले मैच में झारखंड से हार का सामना करना पड़ा। जिसके बाद दूसरे लीग मैच में कर्नाटक के खिलाफ 6-1 से जीत हांसिल की।

जिसमें बोड़ला की खिलाड़ी यशोदा और रुखमणी ने शानदार 1-1 गोल किया। जय हिन्द हॉकी क्लब के कोच हिमांशु चंद्रवंशी ने बताया कि क्लब की रुखमणी खुसरो, दामिनी ख़ुसरो तथा यशोदा ने अपने प्रदर्शन के बदौलत जूनियर महिला इंडिया कैम्प के लिए मजबूती से अपनी दावेदारी पेश कर दी है। खिलाड़ियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर जय हिन्द हॉकी क्लब के संस्थापक एवं कोच शिव सिंह चौहान ने हर्ष व्यक्त किया है। इन मैचों का सीधा प्रसारण हॉकी इंडिया के यू ट्यूब चैनल पर किया जा रहा है।

बोड़ला की खिलाड़ी की इस शानदार उपलब्धि पर न सिर्फ बोड़ला क्षेत्रवासी बल्कि समूचे जिले व प्रदेश के लोग भी अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। लोगों ने टीम को फायनल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।




### नपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने स्वच्छता दीदी से बंधवाई राखी



**कवर्धा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने स्वच्छता दीदी से रक्षा सूत्र बंधवाकर त्यौहार की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता दीदी से एक एक करके अपने कलाई में रक्षा सूत्र बंधावाया और सभी नगरवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ भाई-बहन के रिश्ते का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह आपसी विश्वास, सम्मान और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक भी है। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि वे हमारे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष का यह कदम हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर स्वच्छता दीदी से रक्षा सूत्र बंधवाकर उन्होंने यह संदेश दिया कि सम्मान और स्नेह किसी पद या रिश्ते से नहीं, बल्कि भावनाओं और आपसी विश्वास से जुड़ा होता है। यह पहल हमें सिखाता है कि समाज में हर व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है। चाहे वह स्वच्छता कर्मी हो या किसी अन्य क्षेत्र में सेवा करने वाला। ऐसे कार्य भाईचारे, समानता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं।

# ब्रह्माकुमारियों ने रक्षाबंधन पर्व पर पुलिस जवानों व बंदियों को राखी बांधकर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उप सेवा केन्द्र शिवज्योतिभवन कवर्धा में बीके नीलेश्वरी दीदी एवं बीके गोमती दीदी ने उमंग उत्साह से स्थानीय सेवा केन्द्र में नियमित मूल्यनिष्ठ शिक्षा लेने एवं राजयोग के अभ्यासी भाई बहनों को परम पिता परमात्मा के स्नेहभरी राखी बांधी और रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताया।

उन्होने बताया कि मस्तक पर तिलक लगाना माना आत्मस्मृति में रहना सूत्र बंधन माना परमपिता परमात्मा की आत्मिक स्नेह की बंधन में बंधे रहना, मुंह मीठा कराना माना मुख से सदैव श्रेष्ठ एवं मीठी वाणी बोलना तथा उन्होंने राजयोग का अभ्यास कराकर जीवन में श्रेष्ठ एवं सकारात्मक परिवर्तन लाने व जीवन को सुख शांति आनंद पूर्वक जीने के लिए दृढ़ संकल्प कर अच्छाईयों को धारण करने व व्यसनों व बुराईयों को त्यागने के लिए संकल्प पत्र भरवाए और भाईयों को इसके लिए प्रेरित किया। ब्रह्माकुमारियों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान वे सांसद संतोष पाण्डेय के निवास, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, श्रीमती सुशीला भट्ट, संतोष पटेल, प्रतिष्ठित व्यापारी लोकचंद मुणोत, सुरेश चोपड़ा, प्रतिष्ठित नागरिक दीपक चौरसिया के निवास, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर राखी बांधी। ब्रह्माकुमारियों ने 17 वीं विशेष वाहिनी सरेखा पहुंचकर वहां जवानों एवं वहां के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी रक्षासूत्र बांधा। वृद्धाश्रम में बुजुर्गो को परमपिता परमात्मा को प्रेम पूर्वक याद कर निश्चिंत रहने की विधि बताई एवं उन्हें भी राखी बांधी। जिला जेल कबीरधाम में जिला जेल अधीक्षक श्री बंजारे को तथा लगभग 250 बंदियों को राखी बांध कर मुंह मीठा कराया गया।



### लायंस क्लब ने जेल में बंद 224 कैदियों को मिठाई खिलाकर राखी बांधी



**कवर्धा।** लायंस क्लब ने आज 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर जिला जेल में बंद 200 से ज़्यादा कैदियों को राखी बांधकर मानवता का संदेश दिया। लायन परिवार की बिटिया खीरभवानी दानी और लायन साथियों ने कैदियों को तिलक लगाया और लड्डू खिलाकर राखी बांधी। ज्ञात हो कि लायंस क्लब 2021 तक पिछले 12 वर्षो से प्रति वर्ष कैदियों को राखी बांधकर सद्भावना और सदाशयता का उदाहरण पेश करता आ रहा था। कोविड प्रोटोकॉल की वजह से यह सिलसिला थम गया था। इस वर्ष से यह सिलसिला पुनः शुरू किया गया है। कैदियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने अपने संबोधन में कहा कि लायंस क्लब यह कार्यक्रम इसलिए करता है ताकि कोई कैदी स्वयं को अकेला न मानकर वृहत्तर समाज से जुड़ा हुआ समझे। उन्होंने कहा कि कैदी बंधु अपराध का प्रायश्चित करें और छूटने के बाद दोबारा कभी ऐसी गलती न करे। लायन अध्यक्ष ने जेल के बैरकों की स्वच्छता, अच्छे खानपान और बेहतर वातावरण की प्रशंसा की। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नीरज मंजीत छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि भूलवश अपराध करके आए कैदी जेल में सदाचार और अच्छा आचरण रखें तथा सजा पूरी करने के बाद परिवार एवं समाज में लौटकर पुनः अच्छे सदाचारी जीवन की शुरुआत करें।

**नगर के बालिका एवं बालिका अनुसूचित जनजाति छात्रावास में कार्यक्रम का आयोजन**

# विश्व आदिवासी दिवस पर कबीरधाम में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा जारी स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के तहत विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले के विभिन्न स्थानों में आदिवासियों के अधिकार एवं उनके प्रवर्तन से संबंधित विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम, श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में आदिवासी समुदाय के लोगों को उनके संवैधानिक व कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। इसी श्रृंखला में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम के सचिव अमन तिग्गा ने नगर के अनुसूचित जाति/जनजाति बालिका छात्रावास एवं अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में छात्र-छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987, बाल श्रम निषेध अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, मोटरयान अधिनियम के अनिवार्य प्रावधान, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012, साइबर अपराध एवं आईटी एक्ट की प्रमुख धाराओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने नालसा को न्याय की सुलभ प्राप्ति हेतु योजनाओं के निर्माण व उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। इसी पहल के तहत नालसा द्वारा आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवा योजना संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य आदिवासी समुदाय तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना तथा उन्हें विधिक सहायता व लाभकारी योजनाओं से जोड़ना है। इसके अतिरिक्त, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम के पीएलव्हीगण द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जो न्याय की सुलभ प्राप्ति हेतु एक सेतु की तरह कार्य करते हुए लोगों को कानूनी अधिकारों और सेवाओं के बारे में जागरूक कर रहे हैं।




# स्काउट्स गाइड्स संघ का कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कबीरधाम द्वारा गत 04 से 07 अगस्त 2025 तक अशोका पब्लिक स्कूल छिरहा कवर्धा में तृतीय सोपान/निपूर्ण जांच एवं राज्य पुरस्कार (राज्यपाल पुरस्कार) पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया।

जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी ने बताया कि इस में स्काउट गाइड व रोवर रेंजर को आगामी राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा हेतु पूर्वाभ्यास शिविर आयोजित कर स्काउट गाइड को स्काउटिंग गाइडिंग की इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, राष्ट्रगान, सैल्यूट, मार्चपास्ट, गणवेश की जानकारी, गांठे, पट्टीयों की जानकारी, नॉट, लेसिंग, ट्रेसल, पायोनियारिंग, समय प्रबंधन, लॉकबुक बनाने की विधि, मंकीब्रिज निर्माण, टेंट पीचिंग, गेजेट्स निर्माण, कैंप फायर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि जानकारी बच्चों को दिया गया। ताकि वे सम्पूर्ण रूप से तैयार होकर परीक्षा मे भाग लें।

शिविर संचालक मण्डल के रूप में सुजीत कुमार गुप्ता व्याख्याता (शिविर संचालक) शा.उ.मा.वि. राजानवागांव बोडला, हेमधर साहू (सहायक ) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर, नीलम यदु (सहायक) सेजेस इमी रानी दुर्गावती चौंक कवर्धा, अजय चन्द्रवंशी (सहायक) कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम, ईशाक मो. खान (सहायक) शासकीय पूर्व मायमिक शाला सिंगारपुर जंगल, विजय कुमार साहू (सहायक) भोरमदेव ओपन रोवर क्रू कवर्धा, मालिक राम मरकाम (सहायक) शासकीय हाईस्कूल देवसरा, राजेश कुमार साहू (सहायक) शासकीय हाईस्कूल घोंघा बोडला, दीपराम साहू (सहायक) सेजेस हिमा कोदवागोड़ान, लोकनाथ देवांगन (सहायक) अशोका पब्लिक स्कूल छिरहा कवर्धा, परमेश्वरी साहू (सहायक) महारानी लक्ष्मी बाई ओपन रेंजर टीम दशरंगपुर, संजू मिश्रा (सहायक) सेजेस हि.मा. कवर्धा (सिग्नल चौंक), भगवती हठीले (सहायक) शासकीय हाईस्कूल घोंघा बोड़ला, पूर्णिमा श्रीवास्तव (सहायक) शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह, नंदनी ठाकुर (सहायक) विवेकानंद हाईस्कूल कवर्धा उपस्थित थे।